LATEST

# NEWS

## Election

## Date : 28th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

## मतदाता एसआईआर: जिले में कुल 34 हजार 598 आवेदन प्राप्त

# जोड़ने में निवाई अव्वल, हटाने में मालपुरा आगे



**टोंक.** जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन करने आए मतदाता।

**टोंक@ पत्रिका.** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य तेजी से जारी है। नाम जोड़ने और हटाने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन विभाग को अब तक नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन तथा अन्य विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण से संबंधित कुल 34 हजार 598 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये आवेदन जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों से आए हैं। नाम जोड़ने के मामलों में निवाई विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 5,704 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके बाद टोंक विधानसभा क्षेत्र से 5,577 और मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से 4,954 आवेदन दर्ज किए गए। वहीं देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से सबसे कम 4,571 आवेदन प्राप्त हुए हैं।मतदाता सूची से नाम हटाने के मामलों में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां से 3,245 आवेदन प्राप्त हुए। निवाई विधानसभा क्षेत्र से 565, टोंक विधानसभा क्षेत्र से 432 तथा देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से 328 आवेदन नाम हटाने के लिए आए हैं।

## संशोधन और स्थानांतरण

**मतदाता** सूची में नाम संशोधन तथा अन्य विधानसभा क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए टोंक विधानसभा क्षेत्र से 2,948, मालपुरा से 2,585, निवाई से 2,026 और देवली-उनियारा से 1,660 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से 10,787, टोंक से 8,957, निवाई से 8,295 तथा देवली-उनियारा से 6,559 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार जिलेभर से कुल 34,598 आवेदन दर्ज किए जा चुके हैं।मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के माध्यम से जिले में पात्र नागरिकों के नाम जोड़े जा रहे हैं और अपात्र प्रविष्टियों को हटाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सटीक और त्रुटिरहित बनाना है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बूथ लेवल अधिकारी मनोज पंड्या एवं जयंतीलाल बुनकर उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित

**आत्मा की ज्वाला डूंगरपुर।**




वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी मनोज पंड्या एवं जयंतीलाल बुनकर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उदयपुर संभाग के डूंगरपुर जिले से सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी मनोज पण्डया एवं जयंतीलाल बुनकर को वर्ष 2025 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु उन्हें सौंपे गए ।उत्तरदायित्व का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट एवं सराहनीय रूप से निर्वहन करने के लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दो बूथ लेवल अधिकारी उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित



**डूंगरपुर( प्रातःकाल संवाददाता )।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी मनोज पंड्या एवं जयंतीलाल बुनकर को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। उदयपुर संभाग के डूंगरपुर जिले से सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी मनोज पण्डया एवं जयंतीलाल बुनकर को वर्ष 2025 में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु उन्हें सौंपे गए। उत्तरदायित्व का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ उत्कृष्ट एवं सराहनीय रूप से निर्वहन करने के लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्य सचिव वी श्रीनिवास एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया।

# चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी राज्य स्तर पर सम्मानित




**जयपुर गुलाबी टाइम्स**

**चूरू (विद्याधर आजाद)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन सहित अतिथियों ने राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। गौरतलब है कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सोनी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर– 2026 में उल्लेखनीय कार्य करने पर यह सम्मान दिया गया है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी राज्य स्तर पर सम्मानित




**चूरू, 27 जनवरी।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया।ष समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन सहित अतिथियों ने राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। गौरतलब है कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सोनी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर–2026 में उल्लेखनीय कार्य करने पर यह सम्मान दिया गया है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी राज्य स्तर पर सम्मानित




**जनमानस शेखावाटी न्यूज़**

**चूरू/मोहम्मद अली पठानः** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन सहित अतिथियों ने राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। गौरतलब है कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सोनी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर– 2026 में उल्लेखनीय कार्य करने पर यह सम्मान दिया गया है।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी राज्य स्तर पर सम्मानित

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, चूरू।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने चूरू की उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। समारोह में राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक और बूथ लेवल अधिकारी सहित कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को विशेष रूप से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए गए एसआईआर—2026 कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने निर्वाचन कार्य में गुणवत्ता और उत्तरदायित्व बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया।



# निर्वाचन अधिकारी सोनी राज्य स्तर पर सम्मानित



**चूरू @पत्रिका.** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में चूरू उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी को निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन सहित अतिथियों ने राज्य में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पर्यवेक्षक, बूथ लेवल अधिकारी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 79 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

गौरतलब है कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सोनी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एसआईआर- 2026 में उल्लेखनीय कार्य करने पर यह सम्मान दिया गया है।

ब्रीफ न्यूज

# चूरू के कैरियर कॉलेज को किया सम्मानित

**चूरू @ पत्रिका.** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला परिषद सभागार में माय इंडिया, माय वोट की थीम पर जिलास्तरीय कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर कैरियर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्वेता कोचर एवं एसडीएम सुनील कुमार की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश सिंह राठौड़ एवं ईएलसी प्रभारी आरती औझा को सम्मानित किया गया। निदेशक अमीलाल घेतरवाल



एवं सह निदेशक मनरूप घेतरवाल ने बताया कि महाविद्यालय के लिए बड़ी गौरव की बात है। इस मौके पर महाविद्यालय के हनुमान सिंह धीनवाल, वेदप्रकाश, राजकुमार सोनी,रामकरण, जयप्रकाश पुनियां, भंवरलाल, कार्तिक सोनी, जयप्रकाश बरोड़, पूनम वर्मा, नेहा सोनी, शालू वर्मा अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।